जालंधर, बुधवार 1 मई 2024
JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH
+91 97814 00247



वंदे भारत 24
भारत के मन की बात

सुविचार
जहां हम नहीं होते हैं वहां हमारे गुण व अवगुण हमारा प्रतिनिधित्व करते हैं

@vandebharat24 | vandebharat24news | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# वाराणसी समेत देश के 30 एयरपोर्ट बम से उड़ाने की धमकी, बुलाई गई आपात बैठक, हाईअलर्ट

**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ) :** लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे को बम से उडाने की धमकी भरा मेल मिलने के बाद एयरपोर्ट पर हाईअलर्ट जारी कर दिया गया। मिलने के साथ आनन-फानन में एयरपोर्ट के कांफ्रेंस हाल में आपात बैठक बुलाई गई जिसमें सीआइएसएफ, कमिश्नरेट पुलिस समेत विभिन्न खुफिया एजेंसी शामिल थीं ।सीआइएसएफ और पुलिस अलर्ट मूड में आने के साथ एयरपोर्ट समेत आसपास के गांवों में संयुक्त रूप से रूट मार्च किया। साथ में गांव के लोगों से बातचीत करने के साथ संदिग्ध व्यक्ति दिखाई पड़ने पर सूचना देने को कहा।

एक अज्ञात ई-मेल से सोमवार को एयरपोर्ट निदेशक को मेल आया। उसमें लिखा था कि वाराणसी समेत देश के 30 एयरपोर्ट उड़ाने की धमकी थी। लिखा था कि हमने सभी एयरपोर्ट पर बम लगा दिया है, जो एक रिमोट के बटन दबाते ही ब्लास्ट हो जाएगा ।मेल देख एयरपोर्ट अथारिटी के अधिकारियों और कर्मचारियों के होश उड़ गए।

सुरक्षा एजेंसियों को सूचना देने के साथ अलर्ट घोषित कर दिया गया। संयुक्त टीम ने एयरपोर्ट के पास बैकुंठपुर, सगुनहा,




घमहापुर, मंगारी आदि गांवों में रूट मार्च किया।

सीआइएसएफ के वरिष्ठ कमांडेंट अजय कुमार ने बताया कि एयरपोर्ट अथारिटी के मेल पर बाहर से मेल आया जिसमें वाराणसी समेत देश के 30 एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा था। हालांकि, यह किसी सिरफिरे का मेल हो सकता है। फिर भी सुरक्षा और बढ़ा दी गई है। आइबी और एलआइयू को विशेष नजर रखने को कहा गया है।

## बम से उड़ाने की धमकी की तीसरी घटना

वाराणसी एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी की यह तीसरी घटना है। इसके पूर्व बिहार निवासी सिंचाई विभाग के इंजीनियर ने दो मार्च को ड्रोन के जरिए केमिकल हमले की धमकी दी गई थी, जिसमें गया निवासी विनीत कुमार ने अपने विरोधियों को फंसाने के लिए एयरपोर्ट निदेशक को पत्र भेजा था।

उसने लिखा था कि होली के दिन एयरपोर्ट, राष्ट्रपति भवन, रेलवे स्टेशन, दिल्ली का जंतर-मंतर और संसद भवन पर ड्रोन से कैमिकल बम से हमला करेगा।

हालांकि, चार दिन बाद ही बिहार की एसआइटी टीम ने उसे गिरफ्तार मामले को उजागर कर दिया। वही दूसरी घटना आठ सितंबर-2023 की है। भदोही के विक्षिप्त युवक अशोक कुमार ने एयरपोर्ट टर्मिनल मैनेजर के नंबर पर फोनकर एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी दी थी जिसे दूसरे दिन गिरफ्तार कर लिया गया था। बाद में परिजनों द्वारा मेडिकल प्रमाण पत्र दिखाने पर छोड़ दिया गया था। यह तीसरी घटना है।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

वंदे भारत 24
भारत के मन की बात
हमारे साथ जुड़ने के लिए व विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

# T20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान, इन 15 दिग्गजों को मिली जगह

**जालंधर ( हिमांशु ) :** टी20 विश्व कप टीम की आज घोषणा हो गई है। टीम के कप्तान रोहित शर्मा होंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम का ऐलान किया। चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली नेशनल सेलेक्शन कमेटी ने 15 खिलाड़ियों को चुना गया।

**टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारत की टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या (उप-कप्तान), रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, संजू सैमसन (विकेटकीपर), मोहम्मद सिराज।

**रिजर्व:** शुभमन गिल, रिकू सिंह, खलील अहमद, आवेश खान

**टी20 वर्ल्ड कप का ग्रुप:**

**ग्रुप ए**- भारत, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, यूएसए


**ग्रुप बी**- इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, नामीबिया, स्कॉटलैंड, ओमान

**ग्रुप सी**- न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान, युगांडा, पापुआ न्यू गिनी



**ग्रुप डी**- साउथ अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश, नीदरलैंड्स, नेपाल

वहीं, टी20 विश्व कप के कारण इंग्लैंड के खिलाड़ी पाकिस्तान टी20ई के लिए आईपीएल 2024 के प्लेऑफ़ से चूक जाएंगे। इंग्लैंड ने पहले ही संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में आगामी टी20 विश्व कप के लिए यात्रा करने के लिए अपने खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है, और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने यह भी खुलासा किया है कि जो लोग इंडियन प्रीमियर लीग में खेल रहे हैं (आईपीएल) 2024, वापस यात्रा करेंगे और टूनमिंट के बाद के चरणों से चूक जाएंगे। ईसीबी ने कहा, चयनित खिलाड़ी, जो वर्तमान में इंडियन प्रीमियर लीग में खेल रहे है, पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला के लिए समय पर लौट आएंगे, जो बुधवार 22 मई 2024 को हेडिंग्ले में शुरू होगी। कप्तान जोस बटलर (राजस्थान), मोईन अली (चेन्नई), जॉनी बेयरस्टो (पंजाब), सैम कुरेन (पंजाब), विल जैक्स (बेंगलुरु), लियाम लिविंगस्टोन (पंजाब), फिल साल्ट (कोलकाता), गैस टॉपले (बेंगलुरु) है। आईपीएल के 8 खिताड़ी जिन्हें इंग्लैंड ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए चुना है।










## कोविशील्ड लगवाने वालों के लिए बुरी खबर!

# कंपनी ने कबूली साइड इफेक्ट की बात, हार्ट अटैक- ब्रेन स्ट्रोक का खतरा




**जालंधर( हर्ष शर्मा ) :** ब्रिटेन स्थित वैक्सीन बनाने वाली कंपनी फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका ने कथित तोर पर पहली बार अदालत में स्वीकार किया है कि उसकी कोविड वैक्सीन से रक्त के थक्के जमने की दुर्लभ स्थिति पैदा हो सकती है। यह विकास टीके से होने वाले नुकसान का आरोप लगाते हुए परिवारों द्वारा दायर एक वर्ग कार्रवाई मुकदमे के संदर्भ में सामने आया है। ब्रेन स्ट्रोक, कार्डियक अरेस्ट होने की आशंकाएं बढ़ी यूके मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, एस्ट्राजेनेका ने यूके ।ष्ट में दिए गए अपने अदालती दस्तावेजों में पहली बार माना कि ञ्ञ्स सिंड्रोम शरीर में खून के थक्के जमने की वजह बनती है। इसके चलते व्यक्ति में ब्रेन स्ट्रोक, कार्डियक अरेस्ट होने की आशंकाएं बढ़ जाती है

हालांकि, वैक्सीन से होने वाले साइड इफेक्ट्स को स्वीकार करने के बाद कंपनी इससे होने वाली बीमारियों या बुरे प्रभावों के दावों का विरोध किया। बता दें कि भारत के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण खबर है, क्योंकि यहां कोविड-19 के महामारी के दौरान बड़े पैमाने पर ऑक्सफोर्ड-एस्ट्रोजेनेका की इसी वेक्सीन को 'कोविशील्ड' के नाम से इस्तेमाल किया गया था। इतना ही नहीं कोविशील्य के अलावा इस वैक्सीन को कई देशों में वैक्सजेवरिया ब्रांड नाम से भी बेचा गया था। एस्ट्राजेनेका पर यह मुकदमा जेमी स्कॉट ने दायर किया है, जो इस टीके को लेने के बाद ब्रेन डैमेज के शिकार हुए थे।

कई परिवारों ने भी कोर्ट में इस टीक के दुष्प्रभावों की शिकायत की थी। यह स्वीकारोक्ति टीके के कारण मृत्यु सहित गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं के दावों से प्रेरित कानूनी कार्यवाही के बीच हुई है। कई दावेदारों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों का तर्क है कि कुछ मामलों में कुल 20 मिलियन पाउंड तक का मुआवजा भुगतान हो सकता है। पहले इसे वैक्सीन-प्रेरित इम्यून नोम्बोटिक थ्रोम्बोसाइटोपेनिया के रूप में जाना जाता था, इस अत्यंत दुर्लभ जटिलता को वैक्सीन के संभावित दुष्प्रभाव के रूप में मान्यता दी गई है। यह पहला मामला है जहां कंपनी ने अदालत में स्वीकार किया है कि उसके टीके के परिणामस्वरूप यह स्थिति हो सकती है।

खून का थक्का जमने की बीमारी का कारण बना टीका फरवरी में यूके की अदालत में जमा की गई एक कानूनी फाइलिंग में, केम्ब्रिज-मुख्यालय वाली कंपनी ने स्वीकार किया कि उसका टीका 'बहुत ही दुर्लभ मामलों में, टीटीएस का कारण बन सकता है.' जो थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम के साथ घनास्त्रता के लिए है। इस स्थिति में प्लेटलेट काउंट में कमी के साथ-साथ रक्त के थक्कों का विकास होता है, जो रक्त के थक्के जमने के लिए आवश्यक है। यह इसके पिछले बयानों से एक महत्वपूर्ण विचलन का प्रतीक है, जो इसकी कानूनी स्थिति में एक उल्लेखनीय बदलाव का संकेत देता है।

चल रही कानूनी कार्यवाही से यूके के करदाताओं पर मुआवजे के भुगतान की गाज गिरने की संभावना बढ़ गई है, क्योंकि एस्टाजेनेका ने पहले ही कोविठ संकट के चरम के दौरान सरकार के साथ एक क्षतिपूर्ति समझौता हासिल कर लिया था। इस समझौते का उद्देश्य दवा कंपनी को कानूनी जिम्मेदारी से बचाते हुए वैक्सीन उत्पादन में तेजी लाना है।

हालिया विकास एस्ट्राजेनेका की वित्तीय सफलता के बाद आया है, जिसका राजस्व 2024 की पहली तिमाही में 10 बिलियन पाउंड से अधिक हो गया है। एस्ट्राजेनेका ने रोगी सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए अपने टीके की प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं से प्रभावित लोगों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की है। कंपनी ने नियामक अधिकारियों द्वारा निर्धारित कठोर सुरक्षा मानकों पर जोर दिया और वैक्सीन की समग्र सुरक्षा प्रोफ़ाइल की पुष्टि की।

## पंजाब के पूर्व ADGP कांग्रेस में शामिल : फिरोजपुर लोकसभा सीट से उम्मीदवार बना सकती है पार्टी



**जालंधर ( नितिका ) :** पंजाब पुलिस के पूर्व ADGP गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी जॉइन कर ली। नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में सीनियर लीडरों ने ढिल्लों का पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान पंजाब कांग्रेस इंचार्ज देवेंद्र यादव, ढिल्लों की पत्नी और बेटा भी मौजूद रहे। चर्चा है कि कांग्रेस ढिल्लों को फिरोजपुर लोकसभा सीट से उम्मीदवार घोषित कर सकती है। 6 दिन पहले ही उन्होंने VRS ली थी। उस समय ही चर्चा शुरू हो गई थी कि वह राजनीति में आएंगे। तब ढिल्लों ने कहा था कि इसे लेकर फैसला उनके परिवार ने लेना है। कांग्रेस जॉइन करने के बाद गुरिंदर ढिल्लों ने कहा- पार्टी की तरफ से जो भी ड्यूटी लगाई जाएगी, वह उसे पूरा करेंगे।

# अकाली नेता से मांगी 20 लाख रुपए की फिरौती, मना करने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी

**जालंधर ( काजल विज ) :** आदमपुर के नजदीकी गांव डरोली कलां, से शिरोमणि अकाली दल के जत्थेदार मनोहर सिंह से 20 लाख रुपए की फिरोती मांगने का मामला आया सामने। इस संबंध में थाना आदमपुर की पुलिस को लिखित सूचना दे दी गई है। इस संबंध में आदमपुर थाना मुखी रविंद्र पाल सिंह ने कहा कि जत्थेदार मनोहर सिंह की शिकायत मिलने पर जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है। और गहराई से जांच की जा रही है तथा दोषी की तलाश की जा रही है।

जत्थेदार मनोहर सिंह का कहना है कि जब से आम आदमी पार्टी की सरकार सत्ता में आई है तब से पंजाब में कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है, व्यापारियों और आम लोगों से खुले आम फिरौती मांगी जा रही है। आरोपी काफी समय पहले से गांव से फरार है मनोहर सिंह ने बताया कि उन्हें 25 अप्रैल गुरुवार को लगभग 9.47 मिनट पर फोन आया कि वह आपके गांव का दर्शन सिंह बोल रहा है, तब मैंने कहा यह नंबर तो इंग्लैंड का है कुछ देर बात करने के बाद उसने कहा कि अब वह आपसे सीधे बात करतू हूं, वह करम बोल रहा है, और हमें कुछ चीजें खरीदने के लिए 20 लख रुपए की जरूरत है। मेरे इंकार करने पर उक्त व्यक्ति ने उसे परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी।

इस संबंध में उसने थाना आदमपुर को शिकायत दी तो थाना मुखी आदमपुर ने उसे फोन नंबर ब्लॉक करने की सलाह दी। जत्थेदार मनोहर सिंह डरोली ने बताया कि फिरौती मांगने वाला व्यक्ति उसके गांव का ही रहने वाला था, बब्बर खालसा से जुड़ा रहा है और काफी समय से गांव से फरार है।

# अमृता वाड़िंग के विवादित बयान को लेकर मनोरंजन कालिया का आया बयान

**जालंधर( जसवीर ) :** पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वाड़िंग की पत्नी अमृता वाड़िंग ने बीते दिन गुरु नानक देव जी को लेकर विवादित बयान दिया था।

जिसके बाद सिख जत्थेबंदियों में काफी रोष पाया गया। इस दौरान सिख जत्थेबंदियों ने अमृता वाड़िंग को माफी मांगने के लिए कहा। वहीं इस मामले में पूर्व मंत्री मनोरजंन कालिया का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि वह गुरुओं के हाथ पर वोट मांगने की जो अपील की है वह निंदनीय है। इस दौरान कालिया ने कहा कि वह चाहते है कि चुनाव आयोग इस बात का संज्ञान लें और इस पर कार्रवाई करें। वहीं उन्होंने कांग्रेस के चुनाव चिन्ह को लेकर कहा कि वह वह खूनी पंजा कहा जाता है, जिसमें 1984 के दंगों में इन्हीं का हाथ था।

इस दौरान उन्होंने कहा कि अकाल तख्त के जत्थेदार इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि चुनाव में आप धर्म के नाम पर वोट नहीं ले सकते।



उन्होंने कहा कि अमृता वाड़िंग ने कोड ऑफ कंडक्ट की वायलेशन की है। ऐसे में उन्होंने अमृता वाड़िंग के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।


हालांकि इस विवादित बयान को लेकर अमृता वाड़िंग ने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर माफी मांगी है। सोशल मीडिया पर लाइव होकर उन्होंने कहा कि जो लोग मेरे द्वारा अनजाने में कहे गए शब्दों से आहत हुए हैं, मैं उनसे हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं।

अमृता ने कहा कि उसकी किसी का दिल दुखाने की कोई इच्छा नहीं थी। अमृता ने कहा उन्हें आस ही संगत उन्हें माफ कर देगी। ऐसे में अमृता ने जनता से बीते दिन दिए बयानों को लेकर माफी मांगी है।




# अमित शाह फेक वीडियो केस में अहमदाबाद पुलिस का बड़ा एक्शन, कांग्रेस MLA जिग्नेश मेवानी का PA और AAP नेता अरेस्ट

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** केंद्रीय गृहमंत्री व भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के दिग्गज नेता अमित शाह के फेक वीडियो को वायरल करने के मामले में ताबतोड़ कार्रवाई की जा रही है। गुजरात के पालनपुर के पास से सतीश वर्सोला नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है वह कांग्रेस नेता जिग्नेश मेवाणी का पीए है। वहीं, आरबी बारिया को लिमखेड़ा से गिरफ्तार किया गया। वह आम आदमी पार्टी के दाहोद जिला अध्यक्ष हैं। वीडियो को एक राजनीतिक ग्रुप में वायरल किया गया था।



कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी का कहा, 'मैं अपने जीवन में कभी भी फर्जी वीडियो या फर्जी प्रचार का समर्थक नहीं हो सकता। मैं ऐसे सभी कार्यों की निंदा करता हूं लेकिन चुनाव के दौरान किसी को भी चुनिंदा रूप से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिएज्सतीश मेरे भाई की तरह हैं और मैं मुझे उसके जैसा दोस्त होने पर गर्व है, लेकिन वह ऐसा व्यक्ति नहीं है जो जानबूझकर बुरे इरादों के साथ कुछ भी करता हो। मैं उसे 6 साल से करीब से जानता हूं।'

वहीं, दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को भी तलब किया है। कांग्रेस नेता को 1 मई को दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ यूनिट (साइबर यूनिट) के सामने अपने मोबाइल फोन के साथ पेश होने के लिए कहा गया है। उनसे मामले की आगे की जांच के लिए फोन सहित अपने इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जमा करने की अपील की गई है। असम पुलिस ने बताया कि उन्होंने मामले के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और 2 मोबाइल फोन के साथ एक लैपटॉप जब्त किया है। शख्स का नाम रीतोम सिंह है।

**बीजेपी ने की चुनाव आयोग से शिकायत :** बीजेपी ने कांग्रेस के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि उसने चुनाव प्रक्रिया को पटरी से उतारने के लिए अमित शाह का एक फेक वीडियो वायरल किया है।

बीजेपी ने कांग्रेस के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी सहित बीजेपी के एक प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि कांग्रेस एक फर्जी और छेड़छाड़ किए गए वीडियो के माध्यम से पूरी चुनाव प्रक्रिया को पटरी से उतारना चाहती है।

## फेक वीडियो पर क्या बोले अमित शाह?

फेक वीडियो के लेकर असम की राजधानी गुवाहाटी में अमित शाह ने विपक्ष की हताशा और निराशा इस स्तर पर पहुंच गई है कि उन्होंने मेरा और कुछ बीजेपी नेताओं का फेक वीडियो बनाकर सार्वजनिक किया है। उनके मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष ने भी इस फेक वीडियो को फॉरवर्ड करने का काम किया है। सौभाग्य से मैंने जो बोला था, उसकी भी रिकॉर्डिंग हुई थी। वो रिकॉर्ड हमने सबके सामने रखा, जिससे सब स्पष्ट हो गया और आज कांग्रेस के प्रमुख नेता क्रिमिनल ऑफेंस का सामना कर रहे हैं।

## मुंबई में कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

वहीं, मुंबई पुलिस ने फर्जी वीडियो साझा करने के आरोप में महाराष्ट्र युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल और 16 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह मामला सोमवार को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स साइबर पुलिस स्टेशन में मुंबई बीजेपी पदाधिकारी प्रतीक कार्पे द्वारा दायर एक शिकायत पर दर्ज किया गया।

## वीडियो में क्या किया गया वायरल?

बीजेपी के मुताबिक, यह फुटेज तेलंगाना में 2023 के भाषण का था, जहां गृह मंत्री ने राज्य में मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत 'असंवैधानिक' आरक्षण के बारे में बात की थी। हाल ही में गृह मंत्री का एक एडिटेड वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया था, जिसमें उन्हें एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण खत्म करने का वादा करते हुए दिखाया गया था। कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सोशल मीडिया हैंडल ने वीडियो शेयर करते हुए दावा किया कि बीजेपी आरक्षण खत्म करने की तैयारी कर रही है। इस वीडियो के संबंध में एक शिकायत पर FIR दर्ज की गई थी।

# गुरुग्राम से राज बब्बर, कांगड़ा से आनंद शर्मा को टिकट, कांग्रेस ने जारी की एक और लिस्ट





**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ) :** लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस ने एक और लिस्ट की घोषणा कर दी है. पार्टी ने हरियाणा की गुरुग्राम सीट से राज बब्बर और हिमाचल के कांगड़ा से आनंद शर्मा को टिकट दिया है. यह पहला लोकसभा चुनाव है जिसमें शर्मा चुनाव लड़ेंगे. वह अप्रैल 1984 में पहली बार राज्यसभा के लिए चुने गए और चार बार संसद के उच्च सदन के सदस्य रहे. वह मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान केंद्रीय मंत्री रहे हैं और 2022 में सेवानिवृत्त होने तक राज्यसभा में कांग्रेस के डिप्टी लीडर भी रहे हैं.

इसके अलावा महाराष्ट्र की मुंबई नॉर्थ सीट से भूषण पाटिल को पार्टी ने उतारा है. वहीं हिमाचल प्रदेश के ऊना से पूर्व विधायक सतपाल रायजादा को कांग्रेस ने राज्य की हमीरपुर लोकसभा सीट से मैदान में उतारा है और वह भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के खिलाफ आम चुनाव लड़ेंगे.

## इन सीटों पर कब है मतदान?

बता दें कि हरियाणा की गुरुग्राम सीट पर छठे चरण में यानी 25 मई को चुनाव होंगे. इसके अलावा हिमाचल की कांगड़ा और हमीरपुर सीट पर सातवें फेज यानी 1 जून को मतदान होंगे. वहीं महाराष्ट्र की मुंबई नॉर्थ सीट पर पांचवे चरण में यानी 20 मई को वोटिंग होगी.

### अमेठी और रायबरेली पर सस्पेंस बरकरार

इस लिस्ट के साथ उम्मीद जताई जा रही थी कि पार्टी क्कको अमेठी और रायबरेली सीट पर भी उम्मीदवार घोषित कर सकती है. लेकिन इस लिस्ट में सिर्फ चार ही नामों का ऐलान किया गया है. अमेठी और रायबरेली पर सस्पेंस बरकरार है. उक्त सीटों पर स्थानीय नेता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और राहुल, प्रियंका को उतारने की चर्चा चल रही है.

बताते चलें कि गांधी-नेहरू परिवार की पारंपरिक मानी जाने वाली इन दो सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने में तीन दिन बाकी हैं. हालांकि चर्चाएं अब भी बरकरार हैं कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को इन दो सीटों से मैदान में उतारा जाएगा. वहीं मंगलवार को अमेठी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना दिया और मांग की कि पार्टी गांधी परिवार के किसी सदस्य को अमेठी लोकसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बनाए. सूत्रों की मानें तो प्रियंका गांधी वाड्रा रायबरेली सीट से चुनाव लड़ने की इच्छुक हैं और पार्टी नेतृत्व द्वारा इस सीट पर अंतिम फैसला लेने के बाद जल्द ही उनकी उम्मीदवारी की घोषणा किए जाने की संभावना है. राहुल गांधी ने अभी तक अपनी दूसरी सीट अमेठी पर अपनी उम्मीदवारी तय नहीं की है और नेतृत्व जल्द ही उनके नाम की घोषणा कर सकता है. उत्तर प्रदेश में राज्य नेतृत्व पहले ही केंद्रीय चुनाव समिति और पार्टी नेतृत्व से राहुल गांधी को अमेठी से और प्रियंका को रायबरेली से मैदान में उतारने का आग्रह कर चुका है. शनिवार को सीईसी की पिछली बैठक के दौरान सीईसी सदस्यों ने भी उत्तर प्रदेश कांग्रेस के विचार का समर्थन किया था. अमेठी सीट का प्रतिनिधित्व 2004 से राहुल गांधी ने किया है और वह 2019 तक लगातार तीन बार इस निर्वाचन क्षेत्र से संसद सदस्य बने रहे, जब वह भाजपा की स्मृति ईरानी से हार गए थे. राहुल गांधी वर्तमान में केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, जहां से उन्होंने 2019 का लोकसभा चुनाव भी लड़ा था.

# लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका, पूर्व कांग्रेसी विधायक दलवीर गोल्डी ने दिया इस्तीफा



**जालंधर ( जसवीर ) :** लोकसभा चुनाव से पहले पंजाब कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। जानकारी मुताबिक दलवीर गोल्डी ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। गौरतलब है कि दलवीर गोल्डी संगरूर से सुखपाल खैहरा को टिकट दिए जाने को लेकर नाराज चले आ रहे थे। दलवीर गोल्डी ने राजा वड़िंग के नाम पर पत्र लिखा कि पंजाब की कांग्रेस लीडरशिप से नाराज होकर मैं कांग्रेस के जिले प्रधान संगरूर और पार्टी की प्राथमिक मैंबरशिप से इस्तीफा दे रहा हूं गोल्डी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस्तीफे की एक प्रति साझा की है। सोशल मीडिया पर गोल्डी ने कहा है कि मैं आज जो निर्णय ले रहा हूं वह भारी मन से कर रहा हूं, यह मेरे परिवार और हर कोई जो मुझे व्यक्तिगत रूप से जानता है, मेरे सहकर्मी, अच्छी तरह से जानते हैं कि यह निर्णय लेना मेरे लिए कितना कठिन है था। मैं और मेरे सहकर्मी इसके बारे में जानते हैं।'

आपको बता दें गत दिन गोल्डी ने अपने फेसबुक पेज पर पोस्ट शेयर करके एक नया रास्ते ढूंढने की बात कही है, जिससे कयास लगाए जा रहे थे कि दलवीर गोल्डी कांग्रेस को छोड़ सकते है। सूत्रों मुकाबिक यह भी कहा जा रहा है कि वह भाजपा में शामिल हो सकते है और अगर ऐसा होता है तो उन्हें संगरूर से टिकट मिलने की चर्चाएं भी जोरों पर है क्योंकि भाजपा ने अभी संगरूर से उम्मीदवार का ऐलान नहीं किया है। इसके अलावा यह भी कहा जा रहा है कि दलवीर गोल्डी आम आदमी पार्टी में भी शामिल हो सकते है। बता दें कि कांग्रेस ने संगरूर से सुखपाल खैहरा को चुनाव मैदान में उतारा है, जिसके बाद से दलवीर गोल्डी नराज चले आ रहे थे।




# कांग्रेस का पंजा नहीं गुरु नानक का हाथ?

## पंजाब से छिड़ा सियासी गलियारों में नया विवाद

**जालंधर (दीपांशु चोपड़ा) :** पंजाब कांग्रेस चीफ अमरिंदर सिंह राजा वारिंग की पत्नी के एक बयान से राजनीतिक गलियार में हड़कंप मच गया है। उनकी पत्नी अमृता वारिंग ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी के चुनाव चिन्ह हाथ के पंजे की तुलना गुरु नानक देव के हाथ से कर दी। उनके इस बयान से पंजाब की राजनीति में विवाद छिड़ गया है। पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार, बीजेपी और शिरोमणि अकाली दल ने उनके बयान तीखा पलटवार किया है।

अमृता वारिंग ने दावा किया कि कांग्रेस का ओरिजिनल सेंबल गुरु नानक का हाथ था. पार्टी ने पंजे का चुनाव चिन्ह अपनाकर सिख गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उनके इस बयान



पर तीखी आलोचना हो रही है. उनके ऊपर और पंजाब कांग्रेस चीफ के ऊपर तरह-तरह के सवाल दागे जा रहा है।

**आप ने मांगा स्पष्टिकरण :** आम आदमी पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा - कांग्रेस सरकार ने पंजाब में युवाओं की हत्या की है। पंजाब को अंधकार के काल में धकेल दिया, आपातकाल लगा दिया, हमारे पवित्र गुरुधाम दरबार साहिब पर टैंक चढ़ा दिए। ये खूनी पंजा बाबा नानक के पंजे के बराबर कैसे हो गया?

### लुधियाना से चुनावी मैदान में कांग्रेस अध्यक्ष

सत्ताधारी आप ने कांग्रेस चीफ अमरिंदर सिंह राजा वारिंग से इस उनके पत्नी के बयान को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। अमरिंदर कांग्रेस के टिकट से लुधियाना लोकसभा से चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं।

शिरोमणि अकाली दल ने भी कांग्रेस पर हमला बोला है. पार्टी की ओर से कहा गया कि कांग्रेस लीडर पूरी तरह से हार चुके हैं।

शिरोमणि अकाली दल ने ट्वीट करते हुए लिखा- पंजाब के इस विभाजनकारी समूह ने श्री अकाल तख्त साहिब पर हमला किया है और लाखों सिखों को भारी पीड़ा पहुंचाई है। कृपया अपनी क्षुद्र राजनीति के लिए इसकी तुलना गुरु साहिब से न करें।

# लोकसभा चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल को क्यों गिरफ्तार किया? सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब






**जालंधर (हिमांशु) :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में तिहाड़ जेल में बंद है। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद 21 मार्च को अरेस्ट किया था। वहीं अब सुप्रीम कोर्ट ने ईडी जवाब मांगा है कि अरविंद केजरीवाल को क्यों गिरफ्तार किया गया?

सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय से अरविंद केजरीवाल की टीम द्वारा पूछे गए कुछ सवालों के जवाब देने को कहा, जिसमें लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उनकी गिरफ्तारी का समय भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को अगली सुनवाई 3 मई, शुक्रवार को जवाब देने को कहा गया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा स्वतंत्रता बेहद महत्वपूर्ण है, आप इससे इनकार नहीं कर सकते। आखिरी सवाल गिरफ्तारी के समय से संबंधित है, जिसे उन्होंने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले बताया है।

केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी से सुप्रीम कोर्ट ने जवाब देने और कार्यवाही शुरू होने और कुछ समय बाद बार-बार शिकायत दर्ज होने के बीच होने वाले समय के अंतर के बारे में भी बताने को कहा है। अरविंद केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत को बताया कि मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है लेकिन एक भी पैसा नहीं मिला और मामले में आम आदमी पार्टी प्रमुख की सीधी संलिप्तता का सबूत भी नहीं मिला है। गौरतलब है कि केजरीवाल को 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली की अब समाप्त हो चुकी शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। वह 1 अप्रैल से तिहाड़ जेल में बंद हैं और 7 मई तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे। 9 अप्रैल को दिल्ली उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि उसे मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के बारे में कुछ भी अवैध नहीं मिला।

# पंजाब बोर्ड 8वीं और 12वीं के नतीजे हुए घोषित, लुधियाना के एकमप्रीत ने किया 12वीं में टॉप




**जालंधर (नितिका) :** पंजाब स्कूल एजुकेशन बोर्ड द्वारा एकेडमिक ईयर 2023-24 के दौरान राज्य में स्थित सरकारी और सम्बद्ध निजी स्कूलों में कक्षा 8 और कक्षा 12 के स्टूडेंट्स के लिए आयोजित बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आज घोषित कर दिए गए है।

इसके साथ ही बोर्ड द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार पंजाब बोर्ड 12वीं के रिजल्ट में लुधियाना के एकमप्रीत सिंह ने टॉप किया है। वहीं, मुक्तसर साहिब के हरिंदर सिंह दूसरे स्थान पर और बठिंडा के अश्विनी तीसरे स्थान पर रहे हैं।

### 8वीं कक्षा का रिजल्ट

पंजाब बोर्ड 8वीं कक्षा के रिजल्ट में 2.8 लाख यानी 98.83 फीसदी पास घोषित किए गए हैं। दोनों ही नतीजों की घोषणा के बाद इनमें सम्मिलित हुए छात्र-छात्राएं अपना परिणाम ऑनलाइन चेक कर सकेंगे।

### इस तरह देखें रिजल्ट

लिंक एक्टिवेट होने के बाद स्टूडेंट्स इस 3 लिंक के जरिए अपना प्रोविजनल मार्कशीट डाउनलोड कर सकेंगे।

- pseb.ac.in.
- pseb.ac.in/results
- indiaresults.com

इन आसान स्टेप्स में देखें रिजल्ट

सबसे पहले पंजाब बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट pseb.ac.in. पर जाएं। फिर होमपेज पर 'PSEB 12th result 2024' की लिंक पर क्लिक करें। अब अपना रोल नंबर और पॉसवर्ड समेत जरूरी क्रेडेंशियल डालकर लॉगिन करें। सबमिट बटन पर क्लिक करें और अपना रिजल्ट डाउनलोड करें। इसके बाद भविष्य की जरुरतों के लिए मार्कशीट की एक प्रिंटआउट निकाल लें।

# पंजाब के IPS कपल की इकलौती बेटी की मौत, गले में खाना फंसने से दम घुटा

**जालंधर (संदीप मान) :** पंजाब में तैनात IPS दंपती की 4 साल की इकलौती बेटी की मंगलवार सुबह मौत हो गई। मृतक बच्ची का नाम नायरा था। शुरुआती जानकारी के मुताबिक बच्ची के गले में खाना फंस गया था। जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। नायरा की मां रवजोत ग्रेवाल फतेहगढ़ साहिब की SSP हैं। वहीं उसके पिता नवनीत बैंस लुधियाना रूरल पुलिस के एसएसपी हैं।

IPS दंपती परिवार के करीबियों के मुताबिक नायरा के खाना खाते समय उसकी फूड पाइप और सांस की नली





में खाना अटक गया था। जिसकी वजह से उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी। परिवार के लोग उसकी हालत को देखते हुए उसे शहर के एक निजी अस्पताल में लेकर गए। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मोहाली में रहता है परिवार

IPS दंपती मोहाली में रहते हैं। बच्ची नायरा का अंतिम संस्कार मोहाली के इंडस्ट्रियल एरिया फेज-7 के श्मशान घाट में कर दिया गया है। संस्कार के समय डीजीपी गौरव यादव, आईजी हेडक्वार्टर सुखचैन सिंह गिल, कमिश्नर लुधियाना कुलदीप सिंह चहल सहित एसएसपी मोहाली डॉ संदीप गर्ग और डीसी मोहाली आशिका जैन सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सीएम, डीजीपी समेत अन्यों ने जताया शोक

IPS दंपती की बच्ची की मौत पर सीएम भगवंत मान और DGP गौरव यादव समेत कई अन्य राजनेताओं, पुलिस और प्रशासनिक के अधिकारियों ने शोक जताया है।

DGP गौरव यादव ने IPS दंपती को फोन कर संवेदना व्यक्त की।